सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **57**
17/01/2026

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्वी चम्पारण जिले में विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**पटना, 17 जनवरी 2026 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्वी चम्पारण जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने मोतिहारी के महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टाटा टेक के सहयोग से चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और छात्राओं से जानकारी ली। छात्राओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोगों को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से काफी फायदा हो रहा है तथा बहुत कुछ सीखने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग ठीक से प्रशिक्षण लें, पढ़ाई करें और रोजगार प्राप्त करें।

मुख्यमंत्री ने महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर पूर्वी चम्पारण जिले के लिए 34 करोड़ रुपये की 40 योजनाओं का शिलान्यास एवं 138 करोड़ रुपये की 30 योजनाओं का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लघु उद्यमी योजना तथा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति से लाभ प्राप्त कर रहे उद्यमियों के उत्पादों को देखा और उनकी सराहना की। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से बातचीत करते हुये कहा कि आप सब स्वरोजगार कर रहे हैं, यह बहुत खुशी की बात है। हमलोग चाहते हैं कि आपलोग आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि, खाद्य पदार्थ एवं अन्य निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने 27 हजार 429 जीविका स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न बैंक लिंकेज के माध्यम से आर्थिक सहायता हेतु 370 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप लोग अच्छा काम कर रही हैं। हमलोग यही चाहते हैं कि आपलोग तरक्की करें और आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने ग्राम मजुराहॉ में मोतिहारी शहर को कोटवा से जोड़ने के लिए धनौती नदी पर निर्माणाधीन उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल सह पहुंच पथ का जायजा लिया। जायजा के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें, इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने पूर्वी चम्पारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड स्थित निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर के प्रगति कार्य का जायजा लिया तथा सहस्रलिंगम पूजन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मंदिर परिसर का भ्रमण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग के सचिव श्री कौशल किशोर, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री गिरिवर दयाल सिंह, पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******